चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 29.10.24 | 3 | 7-8 |

# हकृवि में आहरण और संवितरण संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन



हिसार | एचएयू के मानव संसाधन प्रबंधन निदेशालय में शिक्षकों एवं अधिकारियों के लिए आहरण और संवितरण संबंधित पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर विवि के कुलसचिव डॉ. पवन कुमार मुख्यातिथि रहे। कुलसचिव डॉ. पवन ने कहा कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन विवि के शिक्षकों एवं अधिकारियों को लेखा से संबंधित कार्यों में दक्षता लाने और नियमों व प्रावधानों की नवीनतम जानकारी से अवगत कराने के लिए किया है ताकि विवि के कार्य निर्बाध रूप से जारी रह सकें। इसके लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने कार्यक्षेत्र में निपुण बनाने के लिए प्रशिक्षण दिया गया है। मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डॉ. रमेश यादव ने सब प्रतिभागियों का स्वागत किया। सभी कॉलेजों के अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी, शिक्षक एवं तकनीकी कर्मचारी सहित सह निदेशक डॉ. रेणू मुंजाल, सहायक निदेशक डॉ. अनुराग व डॉ. जितेन्द्र भाटिया उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 29.10.24 | 12 | 1-5 |

### हकृवि में आहरण और संवितरण का पांच दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

# कर्मियों की निपुणता के लिए प्रशिक्षण आवश्यक

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मानव संसाधन प्रबंधन निदेशालय में शिक्षकों एवं अधिकारियों के लिए आहरण और संवितरण संबंधित पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. पवन कुमार मुख्य अतिथि रहे। कुलसचिव डॉ. पवन ने सोमवार को अपने संबोधन में कहा कि कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के शिक्षकों एवं अधिकारियों को लेखा से संबंधित कार्यों में दक्षता लाने और नियमों व प्रावधानों की नवीनतम जानकारी से अवगत कराने के लिए किया है ताकि विश्वविद्यालय के कार्य निर्बाध रूप से और सुचारू तरीके से जारी रह सके। इसके लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने कार्यक्षेत्र में निपुण बनाने के लिए प्रशिक्षण दिया गया है ताकि वे अपने कार्य को और बेहतर ढंग से कर सकें। उन्होंने कहा कि संसाधन और तकनीक हमेशा बदलती रहती हैं। इसलिए कर्मचारियों को अपनी ऊर्जा का सकारात्मक दिशा में प्रयोग करते हुए अपने कार्य के प्रति सदैव अपडेट रहना चाहिए। कार्यक्षेत्र में आने वाली चुनौतियों का सामना करने के साथ-साथ नियमों एवं निर्धारित मापदंडो का पालन करना बहुत जरूरी है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान सामान्य नियमों, सूचना का अधिकार, कानूनी प्रक्रिया, यात्रा भत्ता बिल तथा सुनिश्चित कैरियर प्रगति (एसीपी) सहित विभिन्न विषयों के बारे में अनुभवी वक्ताओं द्वारा व्याख्यान दिए गए।



हिसार। कुलसचिव डॉ. पवन कुमार प्रतिभागियों के साथ। *फोटो: हरिभूमि*

**प्रशिक्षण से बढ़ता है ज्ञान**

मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डॉ. रमेश यादव ने सब प्रतिभागियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा इस निदेशालय में विश्वविद्यालय के कर्मचारियों के ज्ञान को बढ़ाने के लिए समय-समय पर इस तरह के प्रशिक्षण आयोजित किए जाते है। इस अवसर सभी महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी, शिक्षक एवं तकनीकी कर्मचारी सहित सह निदेशक डॉ. रेणू मुंजाल, सहायक निदेशक डॉ. अनुराग व डॉ. जितेन्द्र भाटिया उपस्थित रहे।

| | |
|---|---|
| | चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय |

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सच कहूँ | 29.10.25 | 6 | 6-8 |

# हकृवि में आहरण और संवितरण संबंधित प्रशिक्षण का समापन

**अधिकारियों व कर्मचारियों के कार्यक्षेत्र में आएगी निपुणता : कुलसचिव**



**हिसार(सच कहूँ न्यूज)।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मानव संसाधन प्रबंधन निदेशालय में शिक्षकों एवं अधिकारियों के लिए आहरण और संवितरण संबंधित पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. पवन कुमार मुख्यातिथि रहे। कुलसचिव डॉ. पवन ने अपने संबोधन में कहा कि कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के शिक्षकों एवं अधिकारियों को लेखा से संबंधित कार्यों में दक्षता लाने और नियमों व प्रावधानों की नवीनतम जानकारी से अवगत कराने के लिए किया है। इसके लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने कार्यक्षेत्र में निपुण बनाने के लिए प्रशिक्षण दिया गया है ताकि वे अपने कार्य को और बेहतर ढंग से कर सकें। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान सामान्य नियमों, सूचना का अधिकार, कानूनी प्रक्रिया, यात्रा भत्ता बिल तथा सुनिश्चित कैरियर प्रगति (एसीपी) सहित विभिन्न विषयों के बारे में अनुभवी वक्ताओं द्वारा व्याख्यान दिए गए। उन्होंने कहा कि समय-समय पर इन कार्यक्रमों का आयोजन होता रहना चाहिए ताकि समय के साथ बदलते समीकरणों के अनुसार विश्वविद्यालय के सभी अधिकारी, कर्मचारी अपने को ढाल सकें। मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डॉ. रमेश यादव ने सब प्रतिभागियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा इस निदेशालय में विवि के कर्मचारियों के ज्ञान को बढ़ाने के लिए समय-समय पर इस तरह के प्रशिक्षण आयोजित किए जाते है। इस अवसर सभी महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी, शिक्षक एवं तकनीकी कर्मचारी सहित सह निदेशक डॉ. रेणू मुंजाल, सहायक निदेशक डॉ. अनुराग व डॉ. जितेन्द्र भाटिया उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 29.10.24 | 6 | 1-2 |



कुल सचिव डा. पवन कुमार प्रतिभागियों के साथ।

# हकृवि में आहरण व संवितरण संबंधी प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

हिसार, 28 अक्तूबर (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मानव संसाधन प्रबंधन निदेशालय में शिक्षकों एवं अधिकारियों के लिए आहरण और संवितरण संबंधित पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. पवन कुमार मुख्यातिथि रहे। कुलसचिव डॉ. पवन ने अपने संबोधन में कहा कि कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के शिक्षकों एवं अधिकारियों को लेखा से संबंधित कार्यों में दक्षता लाने और नियमों व प्रावधानों की नवीनतम जानकारी से अवगत कराने के लिए किया है ताकि विश्वविद्यालय के कार्य निर्बाध रूप से और सुचारू तरीके से जारी रह सकें। इसके लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने कार्यक्षेत्र में निपुण बनाने के लिए प्रशिक्षण दिया गया है ताकि वे अपने कार्य को और बेहतर ढंग से कर सकें। कार्यक्षेत्र में आने वाली चुनौतियों का सामना करने के साथ-साथ नियमों एवं निर्धारित मापदंडो का पालन करना बहुत जरूरी है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान सामान्य नियमों, सूचना का अधिकार, कानूनी प्रक्रिया, यात्रा भत्ता बिल तथा सुनिश्चित कैरियर प्रगति (एसीपी) सहित विभिन्न विषयों के बारे में अनुभवी वक्ताओं द्वारा व्याख्यान दिए गए। इस अवसर सभी महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी, शिक्षक एवं तकनीकी कर्मचारी सहित सह निदेशक डॉ. रेणू मुंजाल, सहायक निदेशक डॉ. अनुराग व डॉ. जितेन्द्र भाटिया उपस्थित रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| चिराग टाइम्स | 28.10.2024 | -- | -- |


# हकृवि में आहरण और संवितरण संबंधित पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

**चिराग टाइम्स न्यूज**

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मानव संसाधन प्रबंधन निदेशालय में शिक्षकों एवं अधिकारियों के लिए आहरण और संवितरण संबंधित पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. पवन कुमार मुख्यातिथि रहे।



कुलसचिव डॉ. पवन ने अपने संबोधन में कहा कि कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के शिक्षकों एवं अधिकारियों को लेखा से संबंधित कार्यों में दक्षता लाने और नियमों व प्रावधानों की नवीनतम जानकारी से अवगत कराने के लिए किया है ताकि विश्वविद्यालय के कार्य निर्बाध रूप से और सुचारू तरीके से जारी रह सकें।

इसके लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने कार्यक्षेत्र में निपुण बनाने के लिए प्रशिक्षण दिया गया है ताकि वे अपने कार्य को और बेहतर ढंग से कर सकें। उन्होंने कहा कि संसाधन और तकनीक हमेशा बदलती रहती हैं। इसलिए कर्मचारियों को अपनी ऊर्जा का सकारात्मक दिशा में प्रयोग करते हुए अपने कार्य के प्रति सदैव अपडेट रहना चाहिए।

कार्यक्षेत्र में आने वाली चुनौतियों का सामना करने के साथ-साथ नियमों एवं निर्धारित मापदंडो का पालन करना बहुत जरूरी है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान सामान्य नियमों, सूचना का अधिकार, कानूनी प्रक्रिया, यात्रा भत्ता बिल तथा सुनिश्चित कैरियर प्रगति (एसीपी) सहित विभिन्न विषयों के बारे में अनुभवी वक्ताओं द्वारा व्याख्यान दिए गए। उन्होंने कहा कि समय-समय पर इन कार्यक्रमों का आयोजन होता रहना चाहिए ताकि समय के साथ बदलते समीकरणों के अनुसार विश्वविद्यालय के सभी अधिकारी, कर्मचारी अपने को ढाल सकें व सभी नवीनतम नियमों की जानकारी से जागरूक रह सकें। मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डॉ. रमेश यादव ने सब प्रतिभागियों का स्वागत किया।

उन्होंने कहा इस निदेशालय में विश्वविद्यालय के कर्मचारियों के ज्ञान को बढ़ाने के लिए समय-समय पर इस तरह के प्रशिक्षण आयोजित किए जाते हैं। इस अवसर सभी महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी, शिक्षक एवं तकनीकी कर्मचारी सहित सह निदेशक डॉ. रेणू मुंजाल, सहायक निदेशक डॉ. अनुराग व डॉ. जितेन्द्र भाटिया उपस्थित रहे।